फाइल नं0-71-3002(002)/29/2024-03

84/2024/I/707355/2024

प्रेषक,

चन्द्रशेखर मिश्र,
उप सचिव,
उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

महानिदेशक,
चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण,
उ0प्र0, लखनऊ।

चिकित्सा शिक्षा अनुभाग-3 **लखनऊ : दिनॉक 01 अगस्त, 2024**

विषयः- वित्तीय वर्ष 2024-25 में स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय, देवरिया तथा प्रतापगढ़ में मानक मद-26-मशीनें और सज्जा/उपकरण और संयंत्र में प्राविधानित धनराशि की प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक अपने पत्र संख्या–एम0ई0/पर्चेज/2024-25/102, दिनांक 16.05.2024 का कृपया संदर्भ ग्रहण करें, जिसके द्वारा वित्तीय वर्ष 2024-25 में स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय, देवरिया तथा प्रतापगढ़ में उपकरणों की सूची अनुमोदित करते हुए उपकरण मद में प्राविधानित धनराशि अवमुक्त किये जाने का अनुरोध किया गया है।

2- इस सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि वित्तीय वर्ष 2024-25 में स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय, देवरिया तथा प्रतापगढ़ हेतु प्रस्तावित उपकरणों की सूची (संलग्नक के अनुसार) को अनुमोदित करते हुए अनुदान संख्या-31 के अन्तर्गत मानक मद 26-मशीनें और सज्जा/उपकरण और संयंत्र मद में प्राविधानित धनराशि के सापेक्ष निम्न विवरणानुसार रू0 3,99,92,000/- (रू0 तीन करोड़ निन्यानबे लाख बानबे हजार मात्र) की प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति राज्यपाल महोदय सहर्ष प्रदान करते है:-

(धनराशि रू0 में)

क्र0	मेडिकल कालेज का नाम	उपकरण मद में बजट प्राविधान	उपकरण मद में प्रस्तावित धनराशि, जिसकी प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति निर्गत की जा रही है
1	स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय, देवरिया	2,00,00,000	1,99,92,000
2	स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय, प्रतापगढ़	2,00,00,000	2,00,00,000
	कुल योग-	**4,00,00,000**	**3,99,92,000**

3- उपर्युक्तानुसार उपकरण मद में निर्गत की जाने वाली धनराशि के व्यय हेतु निम्नलिखित शर्तो/प्रतिबन्धों का अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा:-

1. सुसंगत वित्तीय व क्रय नियमों और प्राविधानों का पालन करते हुए पारदर्शी प्रक्रिया के तहत आवश्यक और उपयोगी उपकरण/फर्नीचर क्रय किये जायें। सभी उपकरणों/

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

फर्नीचरों की विशिष्टियों, गुणवत्ता, नियमानुसार युक्तिसंगत दरों के निर्धारण के साथ संबंधित फर्म की शुचिता आदि की जिम्मेदारी सम्बन्धित प्रधानाचार्य की होगी।

2. उपकरणों/फर्नीचरों की गुणवत्ता एवं निर्धारित मानक के अनुसार आपूर्ति प्राप्त किये जाने का दायित्व संबंधित प्रधानाचार्य का होगा।
3. उपकरणों/फर्नीचरों के क्रय के उपरान्त विभागीय बजट में अवमुक्त धनराशि का उपभोग प्रमाण पत्र निर्धारित प्रारूप पर वित्त नियंत्रक/वित्त अधिकारी द्वारा चिकित्सा शिक्षा विभाग को उपलब्ध कराया जायेगा।
4. स्वीकृत की जा रही धनराशि का उपयोग उन्हीं कार्यो/मदों में किया जायेगा, जिसके लिए धनराशि स्वीकृत की जा रही है, किन्हीं अन्य कार्यो/मदों पर धनराशि का व्यय अथवा व्ययावर्तन वित्तीय अनियमितता मानी जायेगी।
5. स्वीकृत की जा रही धनराशि का आहरण कोषागार से वास्तविक आवश्यकतानुसार तभी किया जायेगा, जब उपकरणों/फर्नीचरों के क्रय की सम्पूर्ण प्रक्रिया पूर्ण हो जाए। स्वीकृत की जा रही धनराशि डाकघर अथवा बैंक खाते में अनावश्यक नहीं रखी जायेगी।
6. **वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1 के कार्यालय-ज्ञाप संख्या-1/2024/बी-1-294/दस-2024-231/2024, दिनांक 04.03.2024 में उल्लिखित दिशा-निर्देशों का पूर्ण अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा।**
7. सूची में अनुमोदित उपकरणों/फर्नीचरों का क्रय चालू वित्तीय वर्ष 2024-25 में ही सुनिश्चित किया जायेगा। आगामी वित्तीय वर्ष में क्रय किये जाने की दशा में पुनः सूची पर अनुमोदन प्राप्त किया जायेगा।
8. यह भी सुनिश्चित कर लिया जाए कि प्रश्नगत उपकरण/फर्नीचर की स्थापना हेतु स्थान, भवन आदि उपलब्ध है तथा संचालन हेतु मानव संसाधन उपलब्ध है।
9. उपलब्ध कराये गए प्रस्ताव में इंगित/अनुमानित दरों के आधार पर उक्त स्वीकृति प्रदान की जा रही है। इसके आधार पर ही नियमानुसार अग्रेतर कार्यवाही की जायेगी।
10. उपकरणों/फर्नीचरों के क्रय में 05 वर्ष की वारण्टी/सी0एम0सी0/ई-प्रोक्योरमेन्ट में इस बिन्दु को अनिवार्य रूप से सुनिश्चित किया जाय।
11. उपकरणों/फर्नीचरों का क्रय वित्तीय वर्ष 2024-25 में अवमुक्त धनराशि के सापेक्ष ही किया जायेगा।
12. वास्तविक आवश्यकता/उपयोगिता के आधार पर ही उपकरणों/फर्नीचरों के क्रय की कार्यवाही नियमानुसार सुनिश्चित की जायेगी।

4- इस संबंध में होने वाला व्यय (*1*) रुपये 2,00,00,000 (रुपये दो करोड़ मात्र) को चालू वित्तीय वर्ष 2024-25 के आय-व्ययक **अनुदान संख्या** 031 **लेखा शीर्षक** 4210031058903 मेडिकल कालेज, प्रतापगढ़ **मानक मद** 26 मशीनें और सज्जा/उपकरण और संयंत्र (*2*) रुपये 1,99,92,000 (रुपये एक करोड़ निन्यानबे लाख बानबे हजार मात्र) को चालू वित्तीय वर्ष 2024-25 के आय-व्ययक में **अनुदान संख्या** 031 **लेखा शीर्षक** 4210031058906 मेडिकल कालेज, देवरिया **मानक मद** 26 मशीनें और सज्जा/उपकरण और संयंत्र के नामे डाला जायेगा।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.nic.in

5- यह आदेश वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1 के कार्यालय-ज्ञाप संख्या-1/2024/बी-1-294/दस-2024-231/2024, दिनांक 04.03.2024 में प्रशासकीय विभाग को उक्तवत् प्रतिनिधानित अधिकार के अन्तर्गत निर्गत किये जा रहे है।

संलग्नक-यथोक्त।

भवदीय,

(चन्द्रशेखर मिश्र)
उप सचिव।

संख्या/दिनांक, उपरोक्तानुसार।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-

1. महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी), प्रथम/द्वितीय, उ0प्र0, प्रयागराज।
2. महालेखाकार (लेखा परीक्षा), प्रथम/द्वितीय, उ0प्र0, प्रयागराज।
3. प्रधानाचार्य, स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय, देवरिया तथा प्रतापगढ़।
4. वित्त नियंत्रक, चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण, उ0प्र0 लखनऊ।
5. वित्त नियंत्रक, स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय, देवरिया तथा प्रतापगढ़।
6. वरिष्ठ कोषाधिकारी, जवाहर भवन, लखनऊ।
7. कोषाधिकारी, देवरिया तथा प्रतापगढ़।
8. वित्त (व्यय नियंत्रण) अनुभाग-3
9. गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

(चन्द्रशेखर मिश्र)
उप सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

संलग्नक।

मेडिकल कालेज, देवरिया

(क) उपकरणों की सूची

S No	विभाग का नाम	उपकरण का नाम	मात्रा	प्रति नग अनुमानित मूल्य (5 वर्ष की वॉरेंटी की साथ)	कुल अनुमानित मूल्य (5 वर्ष की वॉरेंटी की साथ)
1	Microbiology	Air Sampler	1	4,50,000	4,50,000
2	Pharmacology	Interactive teaching panel with accessories	2	7,00,000	14,00,000
3	Pathology	HPLC Machine	1	50,00,000	50,00,000
4		Cytocentrifuge	1	13,00,000	13,00,000
5		Interactive teaching panel with accessories	2	7,00,000	14,00,000
6	TB & Chest	Spirometery system	1	2,50,000	2,50,000
7	Orthopaedics	Arthroscope set (Excluding monitor and Camera)	1	25,00,000	25,00,000
8	Forensic Medicine	Mortuary Cold Room (for storage of dead bodies- 18 bodies at -20deg C)	1	32,00,000	32,00,000
9	Ophthalmology	ADVANCED PHACOEMULSIFICATION SYSTEM	1	40,00,000	40,00,000
				योग	**1,95,00,000**

(ख) फर्नीचर की सूची

S No	विभाग का नाम	उपकरण का नाम	क्रय की आवश्यक मात्रा	प्रति नग अनुमानित मूल्य (5 वर्ष की वॉरेंटी की साथ)	कुल अनुमानित मूल्य (5 वर्ष की वॉरेंटी की साथ)
1	Pharmacology	Student chair for e-class room	50	3000	1,50,000
2		Mid-back chair for demo room	4	5000	20,000
3		Excutive table for demo room	2	38,000	76,000
4	Pathology	Student chair for e-class room	50	3000	1,50,000
5		Mid-back chair for demo room	4	5000	20,000
6		Excutive table for demo room	2	38,000	76,000
				योग	**4,92,000**
				कुल योग (क) एवं (ख)	**1,99,92,000**

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

मेडिकल कालेज, प्रतापगढ़

क्र0	विभाग का नाम	उपकरण का नाम	क्रय की आवश्यक मात्रा	प्रति नग अनुमानित मूल्य (05 वर्ष की वारंटी के साथ)	कुल अनुमानित मूल्य (05 वर्ष की वारंटी के साथ
1	माइक्रोबायोलाजी	Penta Head microscope	1	1000000	1000000
2		Microscope with camera attached	1	500000	500000
3		Refrigerator centrifuge	1	800000	800000
4		Incubator	1	800000	800000
5	पैथोलाजी	Semi – Automatic Coagulation Analyser	1	500000	500000
6	ऑप्थलमोलॉजी	USGB Scan	1	750000	750000
7	पिडियाट्रिक्स	ABG Machine	1	1000000	1000000
8		TCB (Trans-Cutaneous Bilirubinometer)	1	810000	810000
9	आर्थोपेडिक्स	C-Arm Compatible fracture table for Emergency OT	1	600000	600000
10		C-arm machine	1	1200000	1200000
11		Electro Cautery machine	1	800000	800000
12	चर्म रोग	Whole body phototherapy unit UVA+UVB	1	950000	950000
13	ई0एन0टी0	Autoclave	1	500000	500000
14	ऑब्स एंड ग्यानी	Multipara monitor	1	800000	800000
15		USG Machine	1	1400000	1400000
16		OT table	1	4000000	4000000
17		Resuscitation crash cart	1	150000	150000
18	बायोकेमेस्ट्री	Electrophoresis Unit	1	400000	400000
19		PCR Machine	1	1500000	1500000
20		UV Spectrophotometer	1	1540000	1540000
कुल अनुमानित मूल्य			20000000		

(चन्द्रशेखर मिश्र)
उप सचिव।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।